भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2217#
गुरूवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**हिमाचल प्रदेश में इको-पर्यटन**

**2217# सुश्री इंदु बाला गोस्वामीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का हिमाचल प्रदेश में इको-पर्यटन के लिए नए केंद्रों की पहचान करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विकास के लिए स्थानीय समुदाय के सहयोग से कोई प्रयास किए गए हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पारिस्थितिकी पर्यटन और पर्यटन उत्पादों के लिए नए केंद्रों के विकास सहित पर्यटन स्थलों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)' और 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है, जिसमें पारिस्थितिकी पर्यटन स्थल भी शामिल हैं; यह सहायता धन की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत करने, उसके मूल्यांकन आदि के अधीन है।

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के दिशानिर्देश सतत पर्यटन विकास पर केंद्रित हैं और राज्य सरकारों को पर्यटन स्थलों के विकास हेतु परियोजनाएँ तैयार करते समय स्थानीय समुदायों और हितधारकों के साथ परामर्श करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह स्थानीय समुदायों के बीच क्षमता निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करता है और स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है।

हिमाचल प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी 2.0 और सीबीडीडी योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में संलग्न है।

******

**अनुबंध**

सुश्री इंदु बाला गोस्वामी द्वारा हिमाचल प्रदेश में इको-पर्यटन के संबंध में दिनांक 07.08.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2217# के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**पर्यटन मंत्रालय की योजनाओं के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| | **स्वदेश दर्शन** | | |
| 1. | हिमालय परिपथ: कियारीघाट, शिमला, हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास | हिमालय परिपथ 2016-17 | 68.34 |
| | **स्वदेश दर्शन 2.0** | | |
| 1. | माँ चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 2024-25 | 56.26 |
| | **सीबीडीडी** | | |
| 2. | काज़ा में पर्यटन अवसंरचना विकास | 2024-25 | 24.82 |
| 3. | रक्छम, छितकुल में पर्यटन अवसंरचना विकास | 2024-25 | 4.96 |

*****